# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2024

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका    वर्ष 13    संयुक्तांक 51-52 (जुलाई एवं अक्टूबर, 2024)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)

**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी. सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री लोकेश टाक

कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ सीएसआईआर महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी ने सीरी के जयपुर परिसर का दौरा किया

सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी, सचिव, डीएसआईआर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने 04 अप्रैल, 2024 को सीएसआईआर-सीरी, जयपुर परिसर का दौरा किया। इस अवसर पर महानिदेशक सीएसआईआर ने परिसर में स्थापित विभिन्न परीक्षण और उत्पादन सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें एटीएमपी (असेम्बली, टेस्टिंग, मार्केटिंग एंड पैकेजिंग) सेमीकंडक्टर सुविधाएं, सोलर ग्रिड टाइड इन्वर्टर परीक्षण सुविधा, एनएबीएल मान्यता प्राप्त कैलिब्रेशन प्रयोगशाला और आंतरिक सुरक्षा परीक्षण सुविधा शामिल हैं। ये सुविधाएं परियोजना संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने वाले इन-हाउस उत्पाद विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### ✓ सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा – 2024 का आयोजन

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 01 से 15 मई, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न प्रभागों/प्रयोगशालाओं/अनुभागों एवं कार्यालय परिसर के अन्य स्थानों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा डॉ. पंकज भूषण अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में गठित समिति ने संस्थान के स्वच्छता कर्मियों एवं अन्य सहकर्मियों के सहयोग से संस्थान परिसर में स्वच्छता संबंधी कार्य किया। इस दौरान कुछ अनुभागों/प्रभागों ने पुराने एवं अनावश्यक स्टेशनरी के निस्तारण के साथ-साथ खराब एवं अनुपयोगी सामान के निपटान संबंधी कार्रवाई भी की। स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 17 मई, 2024 को आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन समिति और संस्थान के स्वच्छता कर्मियों की सराहना की। स्वच्छ भारत अभियान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सरकार की इस पहल में देश के नागरिकों के योगदान को भी याद किया।

### ✓ सीएसआईआर-सीरी, विज्ञान भारती-राजस्थान एवं परिष्कार कॉलेज द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का संयुक्त आयोजन

विज्ञान भारती – राजस्थान द्वारा परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस, सीएसआईआर-सीरी ओर अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस गरिमामयी ढंग से मनाया गया। इस कार्यक्रम में उपर्युक्त संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागिता की। इस आयोजन में पर्यावरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए इसके व्यावहारिक समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख संगठनों के पर्यावरण वैज्ञानिक, कार्यकर्ता, नीति-निर्माता और शिक्षाविद शामिल थे। विद्वान वक्ताओं ने बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि, स्थायी कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने विचार व्यक्त किए।

### ✓ वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज और कॉम्पोनेंट्स के स्वदेशी विकास के लिए सीएसआईआर-सीरी और समीर, मुंबई के बीच हुआ एमओयू

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की प्रमुख राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान और विकास संस्थान 'सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (समीर)' ने वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ और कॉम्पोनेंट्स के स्वदेशी विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दो महत्वपूर्ण शोध संस्थानों के बीच यह रणनीतिक सहयोग एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ✓ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 21 जून, 2024 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान परिसर में प्रात:कालीन सत्र में आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए सूर्य नमस्कार सहित विविध महत्वपूर्ण आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को आसनों एव्र प्राणायाम के लाभों से भी अवगत कराया। सीएसआईआर-सीरी स्टाफ क्लब द्वारा आयोजित योगाभ्यास सत्र में संस्थान सहकर्मी एवं उनके परिजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को योग को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### ✓ नशामुक्त भारत अभियान 2024 का आयोजन

भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी ने दिनांक 12 अगस्त, 2024 को सहकर्मियों को 'नशामुक्त भारत' बनाने में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई।

### ✓ 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में राष्ट्र का 78वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित अतिथियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश को स्वतंत्र करने में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी और संस्थान की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शहीद श्री राजकुमार पूनिया, सेना मेडल की वीरांगना श्रीमती सावित्री देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। श्रीमती सीमा पंचारिया ने विशिष्ट अतिथि को शॉल भेंट किया। डॉ पंचारिया ने विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। प्रशासन नियंत्रक श्री जयशंकर शरण ने उपस्थित सभी नागरिकों को शहीद श्री राजकुमार पूनिया, सेना मेडल का संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन,

मार्च पास्ट, देश भक्ति गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ. पंचारिया ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर संस्थान के सहकर्मियों एवं पूर्व सहकर्मियों के अलावा सीरी विद्या मंदिर के शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा पिलानी के अन्य नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीवीएम के विद्यार्थियों कु. अंजलि और मास्टर लावण्य जादम ने किया।

### ✓ संस्थान में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

संस्थान के प्रांगण में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपरांत भारत सरकार के अभियान "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी; श्रीमती सीमा पंचारिया तथा विशिष्ट अतिथि वीरांगना श्रीमती सावित्री देवी (पत्नी - शहीद श्री राजकुमार पूनिया, सेना मेडल) के साथ-साथ संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य सहकर्मियों व उनके परिजनों ने संस्थान परिसर में पौधारोपण किया। डॉ पंचारिया ने सभी से पर्यावरण संरक्षण में अपना यथासंभव योगदान देने का आह्वान किया।

### ✓ संस्थान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

भारत सरकार के निदेशानुसार सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28 और 29 अगस्त, 2024 को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी प्रतिभागियों को खेल और फिटनेस संबंधी शपथ दिला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह आयोजन भारतीय खेल जगत के महानायक मेजर ध्यान चंद की स्मृति में किया गया था। इस अवसर पर डॉ पंचारिया ने मेजर ध्यान चंद को याद करते हुए खेल और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। चैंपियंस चुनने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान फुटबॉल, क्रिकेट (टेनिस बॉल), शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, बास्केटबॉल (शूट), रस्साकशी खेल आयोजित किए गए। डॉ. पंचारिया ने 29 अगस्त, 2024 को विजेताओं को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्रॉफी से सम्मानित किया। महिला वर्ग में टीम पीटी उषा चैंपियन बनी और पुरुष वर्ग में टीम धनराज पिल्ले चैंपियन बनी। डॉ. पंचारिया ने विजेताओं को बधाई दी और अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने के लिए प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और टीम भावना ही सफलता का मंत्र है, चाहे वह खेल हो या अनुसंधान एवं विकास कार्य। उन्होंने इस कार्यक्रम के शानदार और कुशलतापूर्वक आयोजन के लिए सीएसआईआर-सीरी स्टाफ क्लब के प्रयासों की भी सराहना की। प्रशासन नियंत्रक श्री जयशंकर शरण ने भी विजेताओं को बधाई दी।

### ✓ संस्थान में हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 09 सितंबर, 2024 को हिंदी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर नितेन्द्र पाठक, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, श्रीमती इंद्रमणि मंडेलिया महाविद्यालय, पिलानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने '**राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में हिंदी और हमारा दायित्व**' विषय पर रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। सप्ताहपर्यंत विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिंदी सप्ताह का समापन दिनांक 17 सितंबर, 2024 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में हिंदी सप्ताह के दौरान तथा वर्ष पर्यन्त आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत भी सहकर्मियों को प्रशस्तिपत्र भेंट किए गए। हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुभागों/प्रभागों को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गई। संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी सहकर्मियों को अपने संस्मरण साझा करते हुए कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### ✓ संस्थान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन

संस्थान में 17 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 तक '**स्वच्छता ही सेवा**' पखवाड़ा 2024 मनाया गया। पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 17 सितंबर, 2024 को '**स्वच्छता शपथ**' के साथ हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। भारत सरकार एवं सीएसआईआर के निर्देशानुसार संस्थान में महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को "स्वच्छ भारत दिवस" के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा 4 वर्ष पूर्व आरंभ किए गए विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और राष्ट्र के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहकर्मियों ने कॉलोनी परिसर में विभिन्न स्थानों पर तथा बिट्स पिलानी और सीरी/बीकेबीआईईटी के बीच स्थित गौरव पथ पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में अपना योगदान दिया।

### ✓ सीएसआईआर-सीरी के 72वें स्थापना दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी के 72वें स्थापना दिवस का आयोजन, 21 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर चंद्रभास नारायण, निदेशक, आरजीसीबी मुख्य अतिथि थे। डॉ कन्नन श्रीनिवासन, निदेशक, सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई, भावनगर एवं डॉ ज़बीर अहमद, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। आयोजन की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की। संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर चंद्रशेखर, अन्य गणमान्य अतिथियों तथा मीडिया कर्मियों के अतिरिक्त पिलानी के नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। साथ ही संस्थान के जयपुर परिसर में इस अवसर पर राजस्थान उद्योग एवं व्यापार महासंघ (FORTI) के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल सहित उद्योग जगत के अन्य गणमान्य अतिथियों ने परिसर का भ्रमण किया। इस अवसर पर "ओपन डे" के अंतर्गत स्थानीय स्कूल और कॉलेज के छात्र छात्राओं ने जयपुर परिसर की शोध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

### ✓ सीएसआईआर के 83वें स्थापना दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी, में 27 सितंबर, 2024 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 83वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान,

बीकानेर के निदेशक डॉ जगदीश राणे समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री शारदा प्रसाद एवं डॉ पी भानुप्रसाद इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। विगत एक वर्ष के दौरान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 5 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 3 सहकर्मियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। सीएसआईआर-सीरी एवं केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर के बीच कृषि अनुसंधान में परस्पर सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन का भी आदान प्रदान हुआ।

## महत्वपर्ण बैठकें

**1.** अनुसंधान परिषद (56वीं रिसर्च काउंसिल)
**दिनांक :** 24 सितंबर, 2024
**स्थान :** पिलानी मुख्यालय
**2.** प्रबंधन समिति (54वीं मैनेजमेंट कमेटी)
**दिनांक :** 16 सितंबर, 2024
**स्थान :** जयपुर परिसर

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौदयोगिकी हस्तांतरण

**1. उद्योग/क्लाइंट :** एनआईटी, सिलचर, असम
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 03 अप्रैल, 2024
**2. उद्योग/क्लाइंट :** प्लास्टि सर्ज इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, अमरावती, महाराष्ट्र
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डिजीटल मिनिमल इनवेसिव एचबी मेजरमेंट सिस्टम फॉर एनीमिया डिटेक्शन
**दिनांक** – 08 मई, 2024
**3. उद्योग/क्लाइंट :** प्लास्टि सर्ज इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, अमरावती, महाराष्ट्र
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आईओटी इनेबल्ड फिल्ड डिप्लॉयबल वाटर टेस्टिंग किट
**दिनांक** – 08 मई, 2024
**4. उद्योग/क्लाइंट :** यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इम्पार्टिंग स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम्स टू स्टूडेंट्स एण्ड फैकल्टी मेम्बर्स ऑफ द यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान
**दिनांक** – 16 मई, 2024
**5. उद्योग/क्लाइंट :** आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड, जयपुर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 05 जून, 2024
**6. उद्योग/क्लाइंट :** मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एकेडमिक कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 10 जून, 2024
7. **उद्योग/क्लाइंट :** समीर, मुंबई
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंडिजिनेस डवलमेंट ऑफ वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ और कॉम्पोनेंट्स
**दिनांक** – 10 जून, 2024
**8. उद्योग/ क्लाइंट :** मेसर्स तोश्निवाल इंस्ट्रुमेन्ट्स, अजमेर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** स्मार्ट इंडस्ट्रियल करंट ट्रांस्मिटर
**दिनांक** – 12 जुलाई, 2024
**9. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स के आर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज, जयपुर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** ए आई एनेबल्ड मिल्क डेन्सिटी सिस्टम
**दिनांक** – 27 अगस्त, 2024
**10. उद्योग/क्लाइंट :** इंक्रीडिबल डिवाइस प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एलईडी फेब्रिरिकेशन टेक्नोलॉजी
**दिनांक – 27 अगस्त, 2024**
**11. उद्योग/क्लाइंट :** पर्फिन्ट हेल्थ केयर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** ऑब्सोलेसेन्स सस्टेनेन्स एंड अपग्रेड ऑफ हार्डवेयर एंड फर्मवेयर कॉन्फिगरेशंस एसोसिएटेड विद् पर्फिन्ट्स एक्जिस्टिंग मेडिकल रोबोटिक सिस्टम्स यूज्ड इन इमेज गाइडेड प्रोसीजर्स
**दिनांक** – 28 अगस्त, 2024
**12. उद्योग/क्लाइंट :** के एच एक्सपोर्ट इंडिया प्रा.लि., लेदर गुड्स डिविजन, चैन्ने
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अलाइड टेक्नोलॉजीज़
**दिनांक** – 12 सितंबर, 2024
**13. उद्योग/क्लाइंट :** एसीएसटी जीएमबीएच, जर्मनी
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** अंतरराष्ट्रीय एमओयू
**दिनांक** – 26 सितंबर, 2024
**14. उद्योग/क्लाइंट :** भाकृअप-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** संस्थागत कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 27 सितंबर, 2024

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

**1. शीर्षक :** ए नॉवेल अप्रोच फॉर फोकसिंग ऑफ इलेक्ट्रॉन बीम इन ए मल्टी-बीम क्लायस्ट्रॉन
**शोधकर्ता/लेखक :** दीपेन्द्र कांत, ललित मोहन जोशी, विजय जन्यानी
**पेटेन्ट स्वीकृति सं. :** 537004
**2. शीर्षक :** ट्यूनेबल बल्क अकाउस्टिक वेव रेज़ोनेटर एण्ड फॉर्मेशन प्रोसेस ऑफ वेट केमिकल एचिंग फॉर बैकसाइड केविटी
**शोधकर्ता/लेखक :** विनीता, जितेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, दीपक कुमार पंवार, गजेन्द्र सिंह मीणा, धीरेंद्र कुमार, रमाकांत शर्मा
**पेटेन्ट स्वीकृति सं. :** 202411057230
**3. शीर्षक :** फेब्रीकेशन प्रोसेस ऑफ मेम्स पायरोइलेक्ट्रिक सेंसर फॉर बायोमेडिकल एप्लिकेशन्स
**शोधकर्ता/लेखक :** महंथ प्रसाद, मोहिनी सिद्धार्थ सवाने, भूपेंद्र कुमार कुशवाहा
**पेटेन्ट स्वीकृति सं. :** 202411068616

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्ततीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल जॉइंट कॉन्फ्रेंस ऑन न्यूरल नेटवर्क्स
  **स्थान – जापान**

**दिनांक** –30.04.2024

**शोध पत्र** –जनरलाइज्ड गेज़ वेक्टर एस्टीमेशन इन लो लाइट विद एनकोडिड इवेंट-ड्रिवन न्यूरल नेटवर्क

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए बनर्जी, एन के महत्ता, एस एस प्रसाद, एच कुमार, एस सौरभ और एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मेजरमेंट इंस्ट्रुमेंटेशन कंट्रोल एड ऑटोमेशन

  **स्थान** – एनआईटी, कुरुक्षेत्र

  **दिनांक** – 30.04.2024

  **शोध पत्र** – अनसर्टेनिटी अवेयर स्टेट-ऑफ-चार्ज एस्टीमेशन फॉर लिथियम आयन बैट्रीज़ यूजिंग डीप लर्निंग

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के यादव, ए के सैनी, धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेस ऑन माइक्रो, नेनो एंड स्मार्ट सिस्टम

  **स्थान** – आईआईएससी, बंगलूरू

  **दिनांक** – 15.05.2024

  **शोध पत्र** – ईव्यूलेशन ऑफ रेसिड्यूअल स्ट्रेस इन थिन फिल्म ऑफ मेम्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस गुप्ता, एस एस कुमार, आर शर्मा, आर मुखिया

- **सम्मेलन/संगोष्ठी/कार्यक्रम** – समर स्कूल प्रोग्राम

  **स्थान** – आईआईआईटी, हैदराबाद

  **दिनांक** – 13.06.2024

  **शोध पत्र** – 8th समर स्कूल ऑन एआई विथ फोकस ऑन कम्प्यूटर विजिन एण्ड मशीन लर्निंग

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुमित सौरव

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 15th आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कम्प्यूटर, कम्यूनिकेशन एण्ड नेटवर्क टेक्नोलॉजीज़ (आईसीसीसीएनटी)

  **स्थान** – आईआईटी, मंडी

  **दिनांक** –13.06.2024

  **शोध पत्र** – मशीन लर्निंग बेस्ड डाटा-ड्रिवन अप्रोच फॉर स्टेट-ऑफ-चार्ज एस्टीमेशन इन रेडॉक्स फ्लो बैटरी

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के यादव, जी मधुकर, ए के सैनी, के मरिअप्पन, पी रघुपति, धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – फर्स्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्ट्रॉनिक्स कम्यूनिकेशन एंड सिग्नल प्रोसेसिंग (आईसीईसीएसपी 2024)

  **स्थान** – एनआईटी, दिल्ली

  **दिनांक** – 13.06.2024

  **शोध पत्र** – इंटरनल डिफेक्ट डिटेक्शन इन मैंगो एक्स-रे इमेजिस यूजिंग इमेज प्रोसेसिंग एण्ड मशीन लर्निंग टेक्नीक्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – अर्चना सिंह, धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – डीएई-बीआरएनएस नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डवलपमेंट ऑफ आरएफ कम्पोनेंट फॉर एक्सीलरेशन (डीआरसीए-2024)

  **स्थान** – बीएआरसी, मुंबई

  **दिनांक** – 13.06.2024

  **शोध पत्र** – इलेक्ट्रॉमेग्नेटिक एण्ड पार्टिकल-इन-सेल सिम्युलेशन ऑफ 6 किलोवॉट सीडब्ल्यू मेग्नेट्रॉन फॉर इंडस्ट्रियल एप्लिकेशन

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस मौर्य, आर के वर्मा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – स्पेस, एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस कॉन्फ्रेंस (एसपीएसीई 2024)

  **स्थान** – बैंगलूरू

  **दिनांक** – 13.06.2024

  (1) **शोध पत्र** –डिजाइन ऑफ द रेडियेशन कोल्ड पैकेजिंग ऑफ द हेलिक्स टीडब्ल्यूटी

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सी मिस्त्री, ए आर चौधरी, एस चक्रवर्ती एवं एस के गांधी

  (2) **शोध पत्र** – टेक्नोलॉजी डवलपमेंट ऑफ हेलिक्स टीडब्ल्यूटीएस ऑफ डिफरेंट बैण्ड्स एट सीएसआईआर-सीरी फॉर स्ट्रेटीजिक एप्लिकेशन्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सी मिस्त्री, ए आर चौधरी, एस चक्रवर्ती एवं एस के गांधी

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन – 2024

  **स्थान** – भोपाल ( सीएसआईआर-एम्प्री)

  **दिनांक** – 13.06.2024

  **शोध पत्र** –राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पुस्तकालय की भूमिका : एक अध्ययन

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – रोहित सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – डीएई-बीआरएनएस नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डवलपमेंट ऑफ आरएफ कम्पोनेंट्स फॉर एक्सीलरेटर्स (डीआरसीए-2024)

  **स्थान** – मुबंई

  **दिनांक** – 18.06.2024

  **शोध पत्र** – डवलपमेंट एण्ड कैरेक्टराईजेशन ऑफ एन इलेक्ट्रॉन गन फॉर ए 6.2 मेगावाट पल्स्ड पावर एस-बैण्ड क्लायस्ट्रॉन

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – वीएस रावत, डी कांत, बी कुमार

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – स्पेस, एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस कॉन्फ्रेंस (एसपीएसीई 2024)

  **स्थान** – बैंगलूरू

  **दिनांक** – 03.07.2024

  **शोध पत्र** – टेराहर्ट्ज बेस्ड नॉनडिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग ऑफ सिरामिक मेट्रिक्स कंपोजिट्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मर्सीलता, आर रंजन, वी पेटली

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – नेशनल सिम्पोजियम ऑन डिसएबिलिटी एण्ड इंक्लूजन अ वे फारवर्ड

  **स्थान** – विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली

  **दिनांक** –01.08.2024

  **शोध पत्र** – एक्सेसिबिलिटी इन दी डिजिटल एज

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – बी ए बोले

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 29th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉज़ीज एण्ड फैक्ट्री ऑटोमेशन (ईटीएफए 2024)

  **स्थान** – इटली

**दिनांक** – 01.08.2024

**शोध पत्र** – डीएफ सैम्पलर अ सेल्फ सुपरवाइज्ड मेथड फॉर अडेपटिव की फ्रेम सैम्पलिंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एन के महत्ता, एस एस प्रसाद, एस सौरव, एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 9th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कम्प्यूटर विज़न एंड इमेज प्रोसेसिंग (सीवीआईपी 2024)

  **स्थान – चेन्नै**

  **दिनांक** – 01.08.2024

  **शोध पत्र** – कन्स्ट्रेनिंग लेटेंट स्पेस फॉर अनसुपरवाइज्ड मल्टी-डोमेन इमेज-टू-इमेज ट्रांसलेशन वाया जनरेटिव एडवर्सरियल नेटवर्क

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – के सैनी, ए सेठी, रितुराज, ए तिवारी, एस सौरव, एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 17th आईईईई इंटरनेशनल सिम्पोसिज़म ऑन एम्बेडेड मल्टीकोर/मेनीकोर सिस्टम्स-ऑन-चिप (एमसीएसओसी 2024)

  **स्थान** –मलेशिया

  **दिनांक** – 08.08.2024

  **शोध पत्र** – इमर्जिंग फ्रंटियर्स एण्ड लिमिटेशन ऑफ लॉजिक लॉकिंग फॉर सिक्योर आईसी डिजाइन

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए गांधी, डी शेखावत, एम संतोष, जेजी पाण्डेय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 28th आईईईई इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन वीएलएसआई डिजाइन एण्ड टेस्ट (वीडीएटी-2024)

  **स्थान** – वीआईटी, वैलोर

  **दिनांक** – 08.08.2024

  **शोध पत्र** – सिक्योरिटी असेसमेन्ट ऑफ रोटेशन कांउटर मेज़र फॉर प्रोटेक्शन एजेंट फॉल्ट अटैक्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एम अय्यर, आर भौमिक, एच सिंह, जे जी पाण्डेय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई रीजन 10 सिम्पोजियम (JENSYMP 2024)

  **स्थान – नई दिल्ली**

  **दिनांक** – 09.08.2024

  **शोध पत्र** –परफॉर्मेंस एनालिसिस ऑफ टू-व्हीलर ईवी बैट्रीज इन इर्रेगुलर ट्रेन्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एल पद्मावती, ए अभिषेक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 2nd वर्कशॉप ऑन एप्लिकेशंस ऑफ कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस एण्ड इंटर ऐक्टिव सिस्टम (WACIIS-2024)

  **स्थान** – वनस्थली विद्यापीठ

  **दिनांक** – 29.08.2024

  **शोध पत्र** –इम्प्रूविंग थ्रेट रिकॉग्निशन इन एक्स-रे सिक्योरिटी इन्सेप्शन यूजिंग ट्रांसफार्मर्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – अर्चना सिंह, धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 31st इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन न्यूरल इनफॉर्मेशन प्रोसेसिंग (ICONIP)

  **स्थान** – न्यूजीलैंड

  **दिनांक** – 30.09.2024

  **(1) शोध पत्र** – इन्हान्सिंग इमेज स्टाइल ट्रांसफर विद् पेन-गेन ए ड्यूअल स्ट्रीम एनकोडर इन कॉरपोरेट गेन

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए सेठी, आर सिंह, एन के पारधी, के सैनी, ए तिवारी, जी सौरव, एस सिंह

  **(2) शोध पत्र** – IMApp GaN इंटीग्रेटिड मोशन अपीयरेंस जनरेटिव एडवरसीरियल नेटवर्क फॉर वीडियो अनॉमली डिटेक्शन

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए सेठी, आर सिंह, एम भड़ाड़ा, एच गौतम, के सैनी, ए तिवारी, एस सौरव, एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 50th एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ द आईईईई इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स सोसाइटी (IECON 2024)

  **स्थान** – शिकागो

  **दिनांक** – 30.09.2024

  **शोध पत्र** – प्रोएक्ट : एंटीसीपेटरी एक्शन मॉडलिंग एण्ड अनॉमली प्रीवेंशन इन इंडस्ट्रियल वर्कफ्लोज़

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एन के महत्ता, अरविंद, एस एस प्रसाद, एस सौरव, सिंह

## आमंत्रित व्याख्यान

- **विषय :** सेमीकंडक्टर मॉडलिंग एण्ड फेब्रिकेशन पर्सपेक्टिव्स

  **वक्ता :** दीपक बंसल

  **दिनांक :** 21.05.2024

- **विषय :** एडवांसेस इन मेम्स एण्ड माइक्रो सिस्टम्स

  **वक्ता :** पिजूस कुंडू

  **दिनांक :** 03.07.2024

- **विषय :** ओवरव्यू ऑफ हाई पावर प्लाज्मा स्विचेज़ डवलप्ड एट सीएसआईआर-सीरी

  **वक्ता :** राम पी लांबा

  **दिनांक :** 09.09.2024

- **विषय :** हाई वोल्टेज प्लस मॉड्युलेटर्स फॉर डीबीडी बेस्ड प्लाज्मा सोर्स : मैथर्ड एण्ड चैलेंजेज़

  **वक्ता :** बी के वर्मा

  **दिनांक :** 09.09.2024

- **विषय :** पीजोइलेक्ट्रिक मेम्स सेंसर फॉर ऐरो-अकाउस्टिक एप्लिकेशंस

  **वक्ता :** महंथ प्रसाद

  **दिनांक :** 07.10.2024

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी मौखिक परीक्षा**

**1. शोध विषय :** डिजाइन एंड डेवलपमेन्ट ऑफ गेलियम नाइट्राइड फेट फॉर नॉन इन्वेसिव डिटेक्शन ऑफ ब्रेन इंजुरी बायोमार्कर्स

**शोध छात्र :** श्री राजीव रंजन ठाकुर

**दिनांक :** 20 मई, 2024

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकल एवं समेकित कर अप्रैल-जून, 2024 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 12 जुलाई, 2024 को संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अप्रैल-जून एवं जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक क्रमश: दिनांक 07 मई, 2024 एवं 12 जुलाई, 2024 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों को सूचनार्थ भेजा गया।

✓ **प्रकाशन कार्य**

त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 13, अंक 50 (अप्रैल, 2024)

✓ **हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस**

संस्थान में 9-14 सितंबर, 2024 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं/गतिविधियों का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17 सितंबर, 2024 को आयोजित किया गया। समापन समारोह में डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने वर्ष पर्यन्त आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

✓ **प्रतियोगिताएं/गतिविधियाँ**

1. निबंध लेखन - 04 अप्रैल, 2024
2. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण - 26 अप्रैल, 2024
3. हिंदी पाठ-पठन (हिंदी भाषी) - 29 मई, 2024
4. हिंदी पाठ-पठन (हिंदीतर भाषी) - 03 जुलाई, 2024
5. प्रश्न मंच - 07 अगस्त, 2024
6. आशुभाषण - 09 सितंबर, 2024
7. प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण - 10 सितंबर, 2024
8. तकनीकी प्रस्तुतीकरण - 11 सतिंबर, 2024
9. हिंदी कार्यशाला-सह-राजभाषा प्रश्नोत्तरी - 12 सितंबर, 2024
10. कविता पाठ (स्वरचित) - 13 सितंबर, 2024
11. कविता पाठ (अन्य कवि) - 13 सितंबर, 2024

## प्रशासनिक समाचार

➢ **सेवानिवृत्तियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रतीक चौधरी, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | 30.04.2024 |
| 2. | श्री राजेन्द्र सिंह शेखावत, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | 30.06.2024 |
| 3. | श्री विनोद कुमार व्यास, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) | 31.07.2024 |
| 4. | श्री राकेश सेठी, वरिष्ठ तकनीशियन (2) | 31.08.2024 |
| 5. | श्री दयानंद, प्रयोगशाला सहायक | 30.09.2024 |

➢ **संस्थान से स्थानांतरण होकर गए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. एस. एस. सदिस्तप, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी | सीएसआईआर-नीरी, नागपुर | 31.05.2024 |
| 2. | श्री धर्मेन्द्र कुमार, कनिष्ठ आशुलिपिक | सीएसआईआर मुख्यालय | 20.08.2024 |
| 3. | सुश्री दीपिका शर्मा, वरिष्ठ सचिवालय सहायक | सीएसआईआर मुख्यालय | 20.08.2024 |
| 4. | डॉ. मनिन्दर कौर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2) | सीएसआईआर-आईआईपी, देहरादून | 06.09.2024 |

➢ **पदोन्नतियाँ**

| क्र. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री रमाकांत शर्मा, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 2. | डॉ. मनिन्दर कौर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी(1) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2) |
| 3. | श्री आनंद कु. उपाध्याय, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 4. | श्री भूपेन्द्र कुमार कुशवाहा, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 5. | श्री दीपक कुमार पंवार, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 6. | श्री गजेन्द्र सिंह मीणा, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 7. | श्री प्रशांत शर्मा, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 8. | श्री प्रियव्रत प्रजापत, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 9. | श्री प्रेम कुमार, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 10. | श्री सुरजीत दास, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 11. | श्री पवन पारीक, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 12. | श्री विक्रम सिंह रावत, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 13. | श्री आलोक मिश्र, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 14. | श्री ओम प्रकाश जांगिड़, सहायक अभियंता | सहायक अधिशासी अभियंता |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | श्री अशोक नायक, अधीक्षण अभियंता | वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता |
| 16. | श्री चतरू राम, सहायक अभियंता | सहायक अधिशासी अभियंता |
| 17. | श्री नरेन्द्र सिंह मीणा, सहायक अभियंता | सहायक अधिशासी अभियंता |
| 18. | श्री बिजेन्द्र कुमार, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 19. | श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 20. | श्री तेजेन्द्र प्रताप सिंह, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 21. | श्री राकेश कुमार सिंह, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 22. | श्री कनगराज एन, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 23. | श्री राकेश मीणा, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 24. | डॉ. नितिन कुमार, वरि. तक. अधिकारी (1) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2) |
| 25. | श्री अनिल शर्मा, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 26. | डॉ. महेंद्र सिंह, वरि. तक. अधिकारी (1) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2) |
| 27. | श्री घनश्याम सैनी, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 28. | श्री के. आनंद नारायण, वरि. तक. अधिकारी (1) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2) |
| 29. | श्री विपिन कुमार, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 30. | श्री कुंवर सिंह, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी |
| 31. | श्री ए. रवि, तकनीकी अधिकारी (2) | तकनीकी अधिकारी (3) |
| 32. | श्री डी. पलानिअंडी, वरि. तक. अधिकारी (2) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (3) |
| 33. | श्री अरविंद खण्डेलवाल, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 34. | श्री विजय बुडानिया, तकनीकी अधिकारी | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) |
| 35. | श्री संजीव कुमार, वरि. तक. अधिकारी (1) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2) |
| 36. | श्री बलवान सिंह, प्रयोगशाला परिचर (2) | प्रयोगशाला सहायक |
| 37. | श्री घनश्याम दास, प्रयोगशाला परिचर (2) | प्रयोगशाला सहायक |
| 38. | श्री अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | वरिष्ठ तकनीशियन (2) |
| 39. | श्री ललित कुमार खन्ना, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | वरिष्ठ तकनीशियन (2) |
| 40. | श्री रघुवीर, प्रयोगशाला परिचर (2) | प्रयोगशाला सहायक |
| 41. | श्री रामजी लाल, प्रयोगशाला परिचर (2) | प्रयोगशाला सहायक |
| 42. | श्री राजेंद्र कु. सोनानिया, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | वरिष्ठ तकनीशियन (2) |
| 43. | श्री राजेंद्र सिंह शेखावत, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | वरिष्ठ तकनीशियन (2) |
| 44. | श्री मोहर सिंह, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | वरिष्ठ तकनीशियन (2) |
| 45. | श्री प्रतीक चौधरी, वरिष्ठ तकनीशियन (1) | वरिष्ठ तकनीशियन (2) |

## ➢ संस्थान में नियुक्तियाँ

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री निखिल मंडवाल, तकनीशियन (1) | 18.07.2024 |
| 2. | श्री नरेश मान, क. स. सहायक (भं एवं क्रय) | 05.08.2024 |
| 3. | श्री सुभाष चौधरी, क. स. सहायक (सा.) | 05.08.2024 |
| 4. | श्री भरत सिंह, क. स. सहायक (सा.) | 05.08.2024 |
| 5. | श्री विशाल नायक, तकनीशियन(1) | 07.08.2024 |
| 6. | श्री अभिषेक शर्मा, क.स. सहायक(वि एवं ले) | 09.08.2024 |
| 7. | श्री निखिल निरंजन गौड़, क.स. सहायक (सा.) | 23.08.2024 |
| 8. | श्री लोकेश टाक, कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी) | 23.08.2024 |
| 9. | श्री अरविंद कुमार शाह, तकनीकी सहायक | 27.08.2024 |
| 10. | श्री पवन कुमार, क.स. सहायक (भं एवं क्रय) | 29.08.2024 |
| 11. | श्री अनुभव सिंह, क. आशुलिपिक (अंग्रेजी) | 29.08.2024 |
| 12. | श्री बलराम मीना, क.स. सहायक (सा.) | 04.09.2024 |
| 13. | श्री विकास टेलर, क. आशुलिपिक (हिंदी) | 10.09.2024 |
| 14. | श्री ऋषभ देव, क.स. सहायक (वि एवं लेखा) | 12.09.2024 |
| 15. | श्री नितेश कुमार, क.स. सहायक (भं एवं क्र) | 18.09.2024 |
| 16. | श्री अर्जुन कुमार पंडित, क.स. सहायक (सा.) | 19.09.2024 |

**हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।**

- डॉ राजेंद्र प्रसाद

# चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)



सीएसआईआर महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी का सीरी जयपुर परिसर का दौरा



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन




सीएसआईआर-सीरी, विज्ञान भारती-राजस्थान एवं
परिष्कार कॉलेज द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का संयुक्त आयोजन




वन वीक - वन थीम कार्यक्रम में माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह और सीएसआईआर महानिदेशक डॉ एन कलैसेल्वी की उपस्थिति में जल परीक्षण किट एवं हीमोग्लोबिन मापन प्रणाली के आदान-प्रदान संबंधी एमओयू करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के समापन सत्र में संबोधित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संध्या फेरी का नेतृत्व करते
हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक सीएसआईआर-सीरी



वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज और कॉम्पोनेंट्स के स्वदेशी विकास के लिए
सीएसआईआर-सीरी और समीर, मुंबई के बीच एमओयू का आदान-प्रदान



स्वतंत्रता दिवस पर विशिष्ट अतिथि शहीद राजकुमार पूनिया की वीरांगना श्रीमती सावित्री देवी को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



स्वतंत्रता दिवस की विशिष्ट अतिथि वीरांगना श्रीमती सुमित्रा देवी के साथ संस्थान परिसर में पौधारोपण करते हुए डॉ पी सी पंचारिया एवं श्रीमती सीमा पंचारिया



एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया एवं अन्य सहकर्मी







मेजर ध्यानचंद की स्मृति में संस्थान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन (विजेता ट्रॉफी के साथ क्रमश: महिला एवं पुरुष टीमें)



हिंदी सप्ताह का उद्घाटन करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




उद्घाटन समारोह में राजभाषा संदर्शिका का विमोचन करते हुए मंचस्थ अतिथिगण




राजभाषा चल वैजयंती से सम्मानित करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी






लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआरसीरी-




स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान सभी कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



शिल्प कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान संस्थान के निदेशक व सहकर्मियों ने कॉलोनी तथा सीरी व बिट्स के मध्य गौरव पथ पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में योगदान दिया



संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर पधारे अतिथियों को संस्थान की विभिन्न शोध गतिविधियों की जानकारी देते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




72वें स्थापना दिवस पर वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 का विमोचन करते हुए अतिथिगण




स्थापना दिवस समारोह में प्रौद्योगिकी विकास के लिए डॉ सत्यम श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर चंद्रभास नारायण




सीरी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन




सीएसआईआर के 83वें स्थापना दिवस समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मानित करते हुए मंचस्थ अतिथिगण




भारतीय कृषि अनु. परिषद- केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर से एमओयू का आदान प्रदान करते हुए अधिकारीगण

----------0----------